वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

नवम्बर, 2024 के दौरान वित्तीय सेवाएं विभाग में हुए महत्वपूर्ण कार्यकलाप निम्नानुसार हैं :-

i. माननीय केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन ने राष्ट्रीय एमएसएमई क्लस्टर आउटरीच कार्यक्रम का शुभारंभ किया और दिनांक 09.11.2024 को बेंगलुरु, चेन्नई, जयपुर और विशाखापत्तनम में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की चार नारी शक्ति शाखाओं के अलावा टुमकुरु, रायचूर, शिवमोग्गा, कलबुर्गी, मंगलुरु और विजयपुरा में स्थित छह नई सिडबी शाखाओं का वर्चुअल उद्घाटन किया।

ii. दिनांक 09.11.2024 को बेंगलुरु में आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना और पुदुचेरी संघ राज्य क्षेत्र सहित दक्षिणी क्षेत्र के 10 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के कार्य निष्पादन की समीक्षा की गई और डेयरी, पशुपालन और मत्स्य पालन जैसे कृषि संबद्ध कार्यकलापों पर विशेष ध्यान देने के साथ कृषि ऋण वितरण को बढ़ाने पर जोर दिया गया। बैठक में मुख्यरूप से व्यावसायिक कार्य निष्पादन, डिजिटल प्रौद्योगिकी सेवाओं के उन्नयन और कृषि और सूक्ष्म तथा लघु उद्योग से संबद्ध कार्यकलापों में व्यावसायिक विकास को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। चार राज्यों, बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के 8 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की इसी तरह की क्षेत्रीय समीक्षा दिनांक 29.11.2024 को पटना, बिहार में आयोजित की गई थी।

iii. माननीय वित्त मंत्री की उपस्थिति में नवंबर 2024 के अंत में बिहार के दरभंगा और मधुबनी जिलों में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किए गए।

iv. अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 11.11.2024 को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) खाताधारकों के लिए नए सिरे से अपने ग्राहक को जानें (री-केवाईसी) प्रक्रिया को पूरा करने के लिए एक बैठक आयोजित की गई, इसमें सभी हितधारकों ने भाग लिया।

v. अन्य नियमित उपायों और महत्वपूर्ण गतिविधियों का विवरण इस पत्र के साथ संलग्न है।

वित्तीय सेवाएं विभाग के अन्य नियमित कार्यकलाप

1. प्रमुख योजनाओं के अंतर्गत प्रगति:

योजनाएं	दिनांक 27.11.2024 की स्थिति के अनुसार उपलब्धियां (योजना को आरंभ किए जाने से लेकर)	वित्तीय वर्ष 2024-25 में वृद्धि (दिनांक 27.11.2024 की स्थिति के अनुसार)	नवम्बर, 2024 में वृद्धि (दिनांक 27.11.2024 तक)
प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई)			
• पीएमजेडीवाई खातों की संख्या	54.08 करोड़	213.31 लाख	16.32 (10.16 लाख ग्रामीण + 6.16 लाख शहरी)
• जमाराशि	2,36,687 करोड़ रुपये	4184.98 करोड़ रुपये	(-4359.40) करोड़ रुपये
• रुपे कार्ड की संख्या	36.95 करोड़	160.25 लाख	19.37 लाख
प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई)			
• नामांकन	47.76 करोड़	396 लाख	57 लाख
• संवितरित दावों की संख्या	1,48,023	13,450	1,441
प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई)			
• नामांकन	21.75 करोड़	184 लाख	26 लाख
• संवितरित दावों की संख्या	8,64,094	86,175	10,417
अटल पेंशन योजना (एपीवाई) (30.11.2024)	7.15 करोड़	71.94 लाख	8.62 लाख

प्रधान मंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई)

पीएमएमवाई	योजना को आरंभ किए जाने से लेकर (22.11.2024 तक)		वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान (22.11.2024 तक)		नवंबर, 2024 के दौरान (22.11.2024 तक)	
	खाते (करोड़ में)	राशि (लाख करोड़ रुपये में)	खाते (करोड़ में)	राशि (लाख करोड़ रुपये में)	खाते (करोड़ में)	राशि (लाख करोड़ रुपये में)
शिशु	40.03	11.46	1.61	0.60	0.26	0.11
किशोर	9.71	12.63	1.25	1.43	0.32	0.31
तरुण	1.06	7.60	0.09	0.77	0.01	0.10
कुल	**50.80**	**31.69**	**2.95**	**2.80**	**0.59**	**0.52**
एससी/एसटी/ओबीसी (कुल में शामिल)	25.40	11.00	1.35	0.92	0.17	0.12
महिलाएं (कुल में से)	34.43	14.02	1.94	1.17	0.45	0.29

स्टैंड अप इंडिया (एसयूपीआई)

एसयूआई	योजना को आरंभ किए जाने से लेकर (30.11.2024 तक)		वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान (30.11.2024 तक)		नवंबर, 2024 के दौरान (30.11.2024 तक)	
	खातों की संख्या	राशि (करोड़ रु. में)	खातों की संख्या	राशि (करोड़ रु. में)	खातों की संख्या	राशि (करोड़ रु. में)
अनुसूचित जाति	46,248	9,747.11	8,215	1,680.11	298	58.31
अनुसूचित जनजाति	15,228	3,244.07	2,508	511.19	122	21.73
महिला	1,90,844	43,984.10	13,470	3,212.36	254	55.18
कुल	**2,52,320**	**56,975.28**	**24,193**	**5,403.66**	**674**	**135.22**

2. **अकाउंट एग्रीगेटर:** दिनांक 30.11.2024 की स्थिति के अनुसार, 56 वित्तीय संस्थाओं (एफआई) ने वित्तीय सूचना प्रदाता (एफआईपी) के रूप में, 446 एफआई ने वित्तीय सूचना उपयोगकर्ता (एफआईयू) के रूप में तथा 116 एफआई ने एफआईपी तथा एफआईयू दोनों के रूप में कार्य करना आरंभ किया है।
3. **डिजिटल भुगतान:** देश में डिजिटल भुगतान लेनदेन नवंबर 2024 माह में कुल 1,800 करोड़ तक पहुंच गया है और इसमें 1,548 करोड़ यूपीआई लेनदेन शामिल हैं।
4. **पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना (पीएम स्वनिधि):** दिनांक 30.11.2024 की स्थिति के अनुसार 14,121.97 करोड़ रुपये की राशि के कुल 97.99 लाख ऋण आवेदन स्वीकृत किए गए हैं जिनमें से 93.81 लाख ऋण आवेदनों में 13,315.04 करोड़ रुपये की राशि संवितरित की गई है।
5. **खातों को आधार से जोड़ना:** दिनांक 29.11.2024 की स्थिति के अनुसार, 176.51 करोड़ कासा खातों में से 155.31 करोड़ खातों (88%) को आधार से जोड़ दिया गया है।
6. **पीएमजेडीवाई खाताधारकों को बीमा कवरेज:** पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई के अंतर्गत क्रमशः 6.63 करोड़ और 16.20 करोड़ पीएमजेडीवाई खाताधारकों का नामांकन किया गया है, जिनमें से नवंबर, 2024 के दौरान पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई के अंतर्गत क्रमशः 5.03 लाख और 13.11 लाख पीएमजेडीवाई खाताधारकों का नामांकन किया गया है।

****